स्टैंडिंग कमेटी

चर्चा में क्यों?

27 अक्तूबर, 2021 को सचिव, राज्य निर्वाचन आयोग बी.एस. जामोद ने बताया कि राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा त्रि-स्तरीय पंचायतों के आम निर्वाचन 2021-22 में पारदर्शिता और निष्पक्षता के लिये ज़िलास्तर पर स्टैंडिंग कमेटी का गठन किया गया है।

प्रमुख बिंदु

- स्टैंडिंग कमेटी के अध्यक्ष कलेक्टर एवं ज़िला निर्वाचन अधिकारी होंगे। पुलिस अधीक्षक, मुख्य कार्यपालन अधिकारी, ज़िला पंचायत और निर्वाचन से जुड़े अधिकारी, जिन्हें ज़िला निर्वाचन अधिकारी आवश्यक समझें, इसके सदस्य होंगे।
- ज़िलास्तर पर गठित कमेटी की बैठक निर्वाचन की अधिसूचना जारी होने के पूर्व (मतदान केंद्रों की सूची प्रकाशित होने के पूर्व) आयोजित की जाएगी।
- इसके अतिरिक्त कलेक्टर एवं ज़िला निर्वाचन अधिकारी, निर्वाचन प्रक्रिया से संबंधित किसी भी महत्त्वपूर्ण बिंदु पर चर्चा के लिये, जब भी चाहें स्टैंडिंग कमेटी की बैठक आयोजित कर सकते हैं।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/standing-committee-6